तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 05 अप्रैल 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 डिप्टी सीएम अरूण ने की खल्लारी में 3 किमी ...



10 राष्ट्रीय जनगणना के 33 बिंदुओं में ओबीसी...



## खबर संक्षेप

### शादी से मना करने पर युवती पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** शादी से मना करने पर नगर के कुम्हारपारा में रहने वाली युवती पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर युवती की मां पिंकी साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि 2 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे उसे सूचना मिली कि उसकी लड़की को छिपियापारा के रहने वाले अंकित लोहार ने किसी बात को लेकर चाकू मारकर चोट पहुंचाया, जिसे जिला अस्पताल खरोरा में इलाज के लिए ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचकर महिला ने अपनी पुत्री से चाकू मारने का कारण पूछा तब उसने बताया कि अंकित लोहार उससे शादी करने के लिये बार-बार कह रहा था, जब उसने मना किया तब आरोपी ने आवेश में आकर गाली गलौज करते हुए दाहिने कंधे के पास चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ को लेकर विवाद

**महासमुंद।** महुआ बीनने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ महिला ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को पिंगल बरिहा निवासी ग्राम माटीदरहा ने बताया कि 3 अप्रैल की सुबह के अपने खेत में महुआ बीनने गया था, सुबह करीबन 06 बजे अपने खेत में स्थित पेड़ से महुआ बीन रहा था, तभी गांव की बुधनी बरिहा और मेरे पेड़ के महुआ को बीन रहे हो कहकर विवाद करते हुए डंडे से उसके सिर पर मारा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

कार्रवाई : अनुशासनहीनता के मामले में विजय साव पर हुआ एक्शन

# नवपदस्थ पदाधिकारी के पोस्टर लगते ही हुआ 6 वर्षों के लिए निष्कासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस के नवपदस्थ पदाधिकारी ने हाल ही में शहर में बैनर पोस्टर लगवाए ही थे कि उसके निष्कासन की खबर सुर्खियों में हैं। दरअसल, दो दिन पहले कांग्रेस भवन में दो पदाधिकारियों के बीच हुई मारपीट के बाद कांग्रेस भवन में तोड़फोड़ और गालीगलौच किए जाने के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में नियुक्त किए गए जिला उपाध्यक्ष विजय साव को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बता दें कि जिला उपाध्यक्ष घोषित हुए विजय साव को 2 दिन पूरे नही हो पाए थे और उक्त पदाधिकारी पर कांग्रेस पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा पीसीसी के निर्देशानुसार पार्टी अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से उक्त कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 02 अप्रैल को कांग्रेस भवन में विजय साव द्वारा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, नेता और महिला नेत्रियों के समक्ष ही मारपीट, तोड़फोड़ एवं गंभीर अनुशासनहीनता का परिचय दिया। जो कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं संगठनात्मक मर्यादाओं के पूर्णतः विपरीत है। इस घटना से संगठन की छवि को गंभीर क्षति पहुंची है। उक्त मामले में संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए अवसर दिया गया, किंतु निर्धारित समयावधि में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। पार्टी के संविधान एवं अनुशासनात्मक नियमों के तहत प्राप्त शिकायतों एवं तथ्यों पर विचार करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा निर्णय लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से आगामी 6 वर्षों के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। इस आदेश के जारी होने के पश्चात संबंधित व्यक्ति पार्टी के किसी भी पद, मंच अथवा गतिविधि का उपयोग करने के लिए अधिकृत नहीं होगा।




### मारपीट और गाली गलौज किए जाने पर डीसीसी ने दिया नवपदाधिकारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 24 घंटे में मांगा संतोषप्रद जवाब, अन्यथा पार्टी से होगा निष्कासन

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय कांग्रेस भवन में गुरुवार को हुए घटनाक्रम में कां ग्रे स जि ला ध्य क्ष द्वा रि का धी श यादव ने विजय साव को कांग्रेस ... से आपके द्वारा निर्मल जैन के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया और उनके साथ मारपीट की। पार्टी कार्यालय के भीतर इस प्रकार का हिंसक कृत्य कांग्रेस की विचारधारा और अनुशासन के पूर्णतः विरुद्ध है। घटना के दौरान आपने कांग्रेस भवन की संपत्ति को भी नुकसान पहुँचाया है, जो एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उपरोक्त कृत्य पार्टी की छवि को धूमिल करने वाला और घोर ...





### सचिव ने दिया पद से इस्तीफा



इधर, निजी कारणों का हवाला देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी में हाल ही में नियुक्त हुए सचिव विकास शर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। जिलाध्यक्ष यादव को प्रेषित पत्र में शर्मा ने कहा है कि वह निजी कारणवश में इस दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थ हैं और वह कांग्रेस पार्टी का एक समर्पित और निष्ठावान सिपाही रहेगा। शर्मा ने कहा है कि पार्टी की विचारधारा के साथ आगामी भविष्य में भी एक निष्ठावान कार्यकर्ता के तौर पर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेगा।

### दिवंगत जय पवार को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



शहर के युवा कांग्रेस नेता जय पवार के निधन पर उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए शनिवार को कांग्रेस भवन में लाया गया। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं, स्थानीय नेताओं और नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जय पवार भारत स्काउट गाइड के पूर्व जिला उपाध्यक्ष भी रहे थे और अपने मिलनसार स्वभाव के कारण शहर में तथा पार्टी में काफी लोकप्रिय थे। कांग्रेस पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन समेत अनेक कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 2 करोड़ से अधिक का गांजा जब्त महाराष्ट्र-ओडिशा के 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने नशे के सौदागरों के खिलाफ दो अलग-अलग बड़ी कार्रवाई की है। इन कार्रवाई में पुलिस ने कुल 2 करोड़ 17 लाख रुपए से अधिक का माल बरामद किया है, जिसमें भारी मात्रा में गांजा और तस्करी में इस्तेमाल लग्जरी गाड़ियां शामिल है। पहली घटना थाना सिंघोड़ा क्षेत्र की है, जहां पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा से महाराष्ट्र की ओर दो लग्जरी गाड़ियों में गांजे की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। पुलिस ने एनएच 53 रोड पर रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की और एक फॉर्च्यूनर एमएच 12 डब्लु सी 0090 व एक स्कॉर्पियो एमएच 12 वाई एच 0090 को रोका। तलाशी लेने पर गाड़ियों की सीटों के नीचे छिपाई गई बोरियों से 281.900 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत 1 करोड़ 40 लाख 95 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से महाराष्ट्र निवासी 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे यह गांजा ओडिशा के फुलवानी जिले से पुणे (महाराष्ट्र) खपाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने गांजा, दोनों गाड़ियां और 4 मोबाइल फोन समेत कुल 2 करोड़ 6 लाख 45 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है।

महासमुंद रेलवे स्टेशन के पास से दो गिरफ्तार

दूसरी कार्यवाही महासमुंद शहर में हुई, जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नयापारा रेलवे स्टेशन के पास एक झोपड़ी में दबिश दी। यहां ओडिशा के गंजाम जिले से आए दो युवक बैग में गांजा भरकर ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 22 किलो गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत 11 लाख रुपए है।



गिरफ्तार आरोपियों के नाम सत्यबान नायक और बिकास बेहरा हैं।

### कुल सात आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने प्रशांत शंकर गोले पिता शंकर गोले 38 साल साकिन साग्वी थाना शिरवल तालुका खंडाला जिला सतरा (महाराष्ट्र ), क्षितिज वीरसेन जाधव पिता वीरसेन जाधव 21 साल साकिन भुइंज थाना भुइंज जिला सतरा (महाराष्ट्र ), अक्षय नंदकुमार निगम पिता नंदकुमार निगम 27 साल साकिन वाई थाना वाई जिला सतरा (महाराष्ट्र ), अभिषेक डेविड जगले पिता डेविड जगले 26 साल,बडी मस्जिद के पीछे तिर्हेगांव फारेस्ट शोलापुर थाना फौजदार चावडी जिला शोलापुर (महाराष्ट्र ), महेश काटकर पिता धोनडिराम काटकर 39 साल साकिन बेलदरे थाना कराड जिला सतारा (महाराष्ट्र) व सत्यबान नायक, बिकास बेहरा को गिरफ्तार किया हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब इस तस्करी के मुख्य नेटवर्क और आर्थिक निवेश की भी जांच कर रही है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट, आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज

**महासमुंद।** कार में बैठे लोगों से मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। कबीर कुटीर तरेकेला के हरिशचंद दास पिता सर्वजीत दास (49 साल) निवासी कबीर आश्रम केंदूढार ने पुलिस को बताया 02 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे के आसपास कार में गोपाल दास, रामकुमार दास, राजेश्वर दास एवं कार चालक भोला साकरे के साथ ग्राम तरेकेला में रामप्रसाद साव के घर पूजा कार्यक्रम में आए थे। पूजा खत्म होने के बाद वे सभी लोग रात्रि करीब 09.15 बजे कबीर आश्रम केंदूदार जा रहे थे। जब ग्राम तरेकेला के रिखीलाल निषाद के घर के सामने पहुंचे थे, तभी रिखीलाल और उसकी पत्नी नीलावती, हितलाल निषाद एवं युधिष्ठिर निषाद ने उनकी कार को रूकवाया। इस दौरान रिखीराम निषाद पुराने जमीन संबंधी विवाद करते हुए सभी से मारपीट की गई, साथ ही वाहन में तोड़फोड़ की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3),126 (2), 324 (3) 3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय में आज मनाया जाएगा राठी का जन्मदिन



**महासमुंद।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी का जन्मदिन आज भाजपा कार्यालय में मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार भाजपाजनों की उपस्थिति में आज 12 बजे समारोहपूर्वक यह आयोजन संपन्न होगा। जिसमें भाजपाजनों और नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### उधार की रकम वापस मांगने पर मारपीट

**महासमुंद।** उधार की रकम वापस मांगने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम लोंदामुड़ा के जीवनलाल देवांगन ने पुलिस को बताया कि ग्राम बिंद्रावन निवासी राजाराम यादव ने उससे अपने घरेलू काम से लगभग ए लाख 55 हजार रुपए उधार लिया था, जिसके एवज में मेरे खेत से लगे भैंसासूर खार के आधा एकड़ खेत को ले लेना कहा था। लेकिन उसने न न ही खेत दिया है और न ही पैसे को वापस लौटा रहा है। पैसे को मांगने पर टालमटोल करता है। 2 अप्रैल की शाम करीबन 6 से 7 बजे के मध्य वह अपने की खेत की ओर गया था कि उसी समय राजाराम यादव भी अपने खेत की ओर बेनीराम के घर के पास आया था। जब उसने उधार की रकम वापस मांगी तब राजाराम यादव क्यों पैसा दूंगा कहकर गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सोलर प्लांट से फेंसिंग तार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम इच्छापुर में लगे सोलर प्लांट से फेंसिंग तार चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस क्लीनमेक्स सूर्या एनर्जी सोलर पावर प्लांट इच्छापुर के सिक्युरिटी गार्ड सुपरवाईजर राजीव रतन नायक ने बताया 26-27 मार्च की दरम्यानी रात्रि को पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंसिंग तार को काट कर प्लांट में 102 मॉडयूल से एजेबी तक के केबल 70 नग लंबाई लगभग 40 मीटर केबल प्रति नग 1 मॉडयूल पैनल तक की कुल लंबाई लगभग 2500 मीटर कीमत 91000 रुपए को अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटकर चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश के चलते मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम बेमचा में एक व्यक्ति से मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को टिकेश्वर दास मानिकपुरी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गांव में मेला लगा था कि रात्रि करीबन 9 बजे मैं अपने दोस्तों सागर निर्मलकर, करण यादव के साथ मेला में घूम रहा था। जहां गांव के पकलू उर्फ उगेश यादव, खेमराज साहू और लुकू यादव भी वहां घूम रहे थे। पूर्व में नया साल 2026 के दिन पकलू से गाड़ी में पेट्रोल भराने की बात को लेकर विवाद हुआ था, उसी रंजिश को लेकर पकलू उर्फ उगेश यादव ने अपने साथी खेमराज साहू और लुकू यादव के साथ उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### साइबर अपराध, अभिव्यक्ति ऐप नशामुक्ति, यातायात सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**महासमुंद।** जिले के ग्राम भंवरपुर साप्ताहिक बाजार, ग्राम भीखापाली बाजार, संजय गार्डन के पास, बागबाहरा दुर्गा मंदिर के पास टाउन हॉल, ग्राम पिथौरा बाजार क्षेत्र में महासमुंद पुलिस द्वारा साइबर जागरुकता, अभिव्यक्ति ऐप, नशामुक्ति अभियान, महिला संबंधी अपराध एवं यातायात सुरक्षा की जानकारी देने के संबंध में जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। पुलिस टीम द्वारा शहरी एवं ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा की गई।

# राष्ट्रीय जनगणना के 33 बिंदुओं में ओबीसी का कॉलम नहीं होने से समाज में नाराजगी

## सर्व एससी-एसटी व ओबीसी समाज की बैठक में लिया गया निर्णय, प्रधानमंत्री के नाम सोमवार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय जनगणना 2027 की शुरुआत हो चुकी है। जिसमें मकान की नंबरिंग व प्रगणकों, मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच राजपत्र में प्रकाशित जनगणना के दौरान पूछे जाने वाली 33 बिंदु में ओबीसी वर्ग की कालम नहीं है। जबकि 12 नंबर में एससी-एसटी वर्ग की कालम है। जिससे सर्व एससी-एसटी ओबीसी समाज की जिला स्तरीय बैठक में नाराजगी जाहिर करते हुए प्रथम चरण में सोमवार को तीन बजे राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद ओबीसी वर्ग के विधायक व सांसदों को ओबीसी का कालम शामिल करने ज्ञापन सौंपकर मांग करेंगे। सर्व एससी एसटी ओबीसी समाज की बैठक में जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा ने कहा कि बरसों से विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग करते रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा कर चुकी है। इसके बावजूद ओबीसी वर्ग की गणना के लिए पृथक कालम नहीं रखना समाज के साथ भारी उपेक्षा है। बैठक में छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेज में एससी-एसटी व ओबीसी वर्ग के चयनित छात्रों की फीस राज्य सरकार द्वारा भरे जाने संबंधित मांग को भी ज्ञापन में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जयंती को भी संयुक्त रुप से एक मंच में मनाने की चर्चा की गई। बैठक में सरंक्षकगण धरमदास साहू, एचआर बघेल, एसपी ध्रुव, जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, एमएल ध्रुव व प्रदेश सचिव मुन्ना साहू, जिला उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर, दीपक साहू, हीरा नेताम, महामंत्री रेखराज बघेल, विधि सलाहकार राजेश डड़सेना, संगठन सचिव डमरु प्रसाद मांझी, भूपेंद्र चंद्राकर, राजेश रात्रे, सहदेव ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, महेश कुमार ध्रुव, भानुप्रताप ठाकुर, बीएस नेताम, सनमान सिंह दीवान, कोषाध्यक्ष टोमन सिंह कागजी, प्रवक्ता सुरेंद्र ठाकुर शामिल रहे।

कार्यक्रम : पर्यटन स्थल खल्लारी में चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव का आयोजन

# डिप्टी सीएम अरूण साव ने की खल्लारी में 3 किमी सड़क सुदृढ़ीकरण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

ऐतिहासिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में इन दिनों चल रहे चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने खल्लारी व क्षेत्रवासियों की बहुचर्चित मांग नेशनल हाईवे से खल्लारी मंदिर तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क की सुदृढ़ीकरण की घोषणा की है। जिससे श्रद्धालुओं को अब बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस घोषणा के लिए सामाजिक कार्यकर्ता व खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू ने हर्ष व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री साव द्वारा सड़क निर्माण की घोषणा के पूर्व इसके लिए शीघ्र स्वीकृति को लेकर खल्लारी उपसरपंच साहू ने इस संबंध में विभिन्न अखबारों में प्रमुखता प्रकाशित पेपर कटिंग का छायाचित्र संलग्न के साथ ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों के साथ सौंपा था। इस दौरान पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री



को खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू ने मां खल्लारी की छायाचित्र भेंट की।

### खल्लारी मार्ग को लेकर हुआ था सड़क सत्याग्रह

खल्लारी मातेश्वरी मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण को लेकर बीते 17 मार्च को ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों ने सामाजिक कार्यकर्ता व खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू के नेतृत्व में सड़क सत्याग्रह के रूप में खल्लारी मातेश्वरी मंदिर माता राऊर प्रांगण से नेशनल हाईवे क्रमांक 353 तक पदयात्रा व सभा के रूप में धरणा प्रदर्शन कर प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा था।

### खल्लारी को नगर पंचायत बनाने की भी हो रही है मांग

दैवीय माता तीर्थ व पर्यटन स्थल खल्लारी को नगर पंचायत बनाने के लिए भी ज्ञापन सौंपा है। खल्लारी के सम्पूर्ण विकास के लिए नगर पंचायत बनाने की मांग जायज है, जो कि राज्य निर्माण के इतने वर्षों बाद भी आजपर्यंत तक खल्लारी को नगर पंचायत की दर्जा नहीं मिल पाने की वजह से खल्लारी सहित यह पूरा क्षेत्र आज अपने आप में पिछड़ा हुआ महसूस कर रहा है। वहीं ग्राम पंचायत खल्लारी में कुल वार्डों की संख्या वर्तमान में 16 है। जहां खल्लारी की कुल जनसंख्या 3223 एवं कुल मतदाता 2146 है, जो कि यह पंचायत क्षेत्र, विभिन्न पंचायतों के मध्य में बसी हुई है। जिन पंचायत मुख्यालय व आश्रित गांवों को जोड़ कर खल्लारी को भी नगर पंचायत बनाया जा सकता है।



## जलकी में संगीतय मानस गान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन

**महासमुंद।** आदर्श ग्राम जलकी, छपोराडीह सिरपुर में छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य संगीतमय मानस गान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आई प्रतिष्ठित मानस मंडलियां अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही हैं। इसी क्रम में 04 अप्रैल 2026 को उगता सूरज मानस मंडली झिथरी डूमा, मानस मंडली टेकापारा, चंचल मानस मंडली टोनाटार, बस्तरिहा मानस मंडली कोदागांव, पारसमणि मानस मंडली रायपुर, समर्पण मानस मंडली धरमपुरा, सुर सरिता मानस मंडली मोंगरपाली एवं शुभांजलि मानस मंडली बरगाही (राजनांदगांव) ने अपनी-अपनी आकर्षक एवं भक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित श्रद्धालुओं ने बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ सराहा। कार्यक्रम स्थल पर भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर मानस गान का आनंद ले रहे हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि क्षेत्र में सांस्कृतिक जागरूकता को भी बढ़ावा दे रहा है। साथ ही यह मंच कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे स्थानीय कला और संस्कृति को नई पहचान मिल रही है। इस आयोजन के संरक्षक श्यामलाल साव, राधेश्याम ध्रुव, अध्यक्ष गिरधारी पटेल ने 5 अप्रैल को समापन के अवसर पर श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता भुवनेश्वर में जिले के 8 खिलाड़ी होंगे शामिल

**महासमुंद।** राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन भुवनेश्वर (ओडिशा) में 6 से 10 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 14 वर्ष एवं 17 वर्ष बालक एवं बालिका टीम शामिल होगी। 17 वर्ष की प्रतियोगिता 6 से 7 अप्रैल को तथा 14 वर्ष की प्रतियोगिता 9 से 10 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

17 वर्ष बालक वर्ग में पब्लिक स्कूल तुमगांव से कुणाल जांगडे एवं अजय साहू शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलसोंडा से प्रियंका साहू एवं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल तुसदा से वेदिका ध्रुव शामिल है। 14 वर्ष में पब्लिक स्कूल तुमगांव से यथार्थ रात्रे एवं झलक ध्रुव, पीएमश्री तुमगांव से भूमि यादव एवं मिडिल स्कूल तुसदा से रजनी खड़िया राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। जिले से डॉ. सुनील कुमार भोई एवं अंजू प्रजापति व्यायाम शिक्षक शामिल होंगे।




डॉ. सुनील कुमार भोई ने बताया कि खेल मैदान तुमगांव से भावेश निषाद, समीर यादव, शिवानी बघेल, प्रांजलि भारती ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता के 19 वर्ष में भाग लेकर ज़िले को गौरवान्वित किया है। इस साल ओपन प्रतियोगिता में अंडर 15 आयु वर्ग में जिले के बालक एवं बालिका टीम ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही छत्तीसगढ़ रग्बी एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर प्रतियोगिता दुर्ग में महासमुंद जिले ने उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया था। अजय साहू ने ग्वालियर मध्यप्रदेश, पटना बिहार एवं गांधी नगर गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके है। डॉ. सुनील कुमार भोई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में पदस्थ व्यायाम शिक्षक के मार्गदर्शन एवं खेल का नियमित अभ्यास करने से राष्ट्रीय चैम्पियनशीप में चयनित होने में कामयाब हुए। जिसके लिए तुमगांव, बेलसोंडा एवं तुशदा विद्यालय परिवार एवं संघ व परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के 8 खिलाड़ियों के चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, शाला विकास समिति अध्यक्ष पोखन ढीढी, प्राचार्य कमलेश्वरी साहू आदि ने हर्ष जताया है।

### पुलिस के जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम परसदा स्थित रक्षित आरक्षी केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ। यह आयोजन जिला पुलिस एवं रायपुर के एक निजी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों और उनके परिजनों की सेहत को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से किया गया।

इस दौरान अस्पताल के डॉ. संदेश अग्रवाल (विशेषज्ञ), डॉ. ओम सिंह शेखावत (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. आर साहनी (मेडिसिन विशेषज्ञ) व साथ ही नेत्र रोग, शुगर और बीपी विशेषज्ञों ने भी मरीजों का बारीकी से परीक्षण किया। विशेषज्ञ टीम के साथ स्वास्थ्य परीक्षण में सहयोगी टीम मे नर्सिंग स्टाफ अनिल सोनवानी, डोमन साहू, कमलेश साहू, ऋषि उपाध्याय, चेतन साहू और ओम कुमार का विशेष योगदान रहा। शिविर के दौरान विशेष रूप से हड्डी रोग, सामान्य मेडिसिन, नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर (बीपी) और शुगर की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में पुलिस विभाग के 105 अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पुलिस परिवार के 50 सदस्यों सहित कुल 155 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और उचित चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर लाभान्वित हुए।

## वृंदावन विद्यालय में सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में 04 अप्रैल शनिवार को वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 का परिणाम घोषित कर पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भगवान कृष्ण की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है।



संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने कक्षावार परिणामों की घोषणा की और विद्यार्थियों के केवल अकादमिक ही नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास पर ज़ोर दिया। साथ ही इस वर्ष 7 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है। कक्षा नर्सरी से अभिग्या, अथर्व, दर्श, हिमांशी, काव्यांश, ख्याति, मिवान, नव्या, नितिशा, शुभांगी ने प्रथम स्थान, कक्षा एलकेजी से छविका, केयांश, प्रज्ञा, प्रियांशु, थार्विक, वीर ने प्रथम, कक्षा यूकेजी से आदिति, अनुराग, आशीष, दक्षेश, धारा, गोविनेश, मयंक, रियांश, समर, समृद्धि, सात्विक, शौर्य, वाणी, यशस्वी प्रथम, कक्षा पहली से अश्मीरा व भियांश प्रथम एवं आव्या, कुमकुम, नित्या, ऋषभ, विहान द्वितीय, कक्षा तीसरी से साक्षी प्रथम एवं चिनम, लक्षिका द्वितीय, कक्षा चौथी से लोकेश यादव प्रथम एवं अनिकेत जलक्षत्री द्वितीय, कक्षा छठवीं से अंजलि चंद्राकर प्रथम एवं काव्या धीवर द्वितीय, कक्षा सातवीं से अनुश्री अग्रवाल प्रथम एवं नारायण द्वितीय, कक्षा नवमी से प्रियंका, पूर्वांश प्रथम एवं मान्यता ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत का उच्च प्रदर्शन किया।

उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने बच्चों की सफलता पर हर्ष जताते हुए उपस्थित पालकगण न शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस पालक शिक्षक बैठक में अभिभावकों में से डा. डीके साहू, लवकेश गुप्ता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण साहू ने किया।

# धान गबन मामले में 1.65 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की सरायपाली पुलिस ने शासन को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह मामला धान उपार्जन केंद्र अमरकोट में हुए बड़े गबन से जुड़ा है, जिसमें सरकारी खजाने को 1 करोड़ 65 लाख 80 हजार 908 रुपए का नुकसान पहुंचाया गया था। यह मामला धान खरीदी सत्र 2024-25 का है। 20 मई 2025 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अधिकारी अमृत लाल जगत ने सरायपाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। अमरकोट धान उपार्जन केंद्र के भौतिक सत्यापन के दौरान भारी अनियमितता पाई गई थी। जांच में सामने आया कि रिकॉर्ड के अनुसार वहां बारदानों की जो संख्या होनी चाहिए थी, उसमें 11,416 बोरी धान कम पाया गया। यदि मानक वजन और सरकारी दर (3100 रुपए प्रति क्विंटल) के हिसाब से गणना की जाए, तो कुल 4566.40 क्विंटल धान कम था। इस गबन के कारण शासन को कुल 1,65,80,908 रुपए की हानि हुई। पुलिस जांच और लिखित आवेदन के आधार पर इस गबन के लिए तीन लोगों को मुख्य



रूप से जिम्मेदार ठहराया गया था जिसमें कार्तिकेश्वर यादव (केंद्र प्रभारी), तेजराम पटेल (बारदाना प्रभारी), राजेंद्र पटेल (कंप्यूटर ऑपरेटर)। इन तीनों के विरुद्ध धोखाधड़ी और गबन की विभिन्न धाराओं के तहत थाना सरायपाली में अपराध दर्ज किया गया था।

### लंबे समय से थे फरार

मामले में आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र पटेल ने पहले ही 2 फरवरी 2026 को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। लेकिन केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव और बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस की टीम उनकी तलाश में जुटी थी, लेकिन वे बार-बार अपनी जगह बदल रहे थे।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सरायपाली पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की मदद से इन आरोपियों का पीछा करना जारी रखा। आखिरकार, शुक्रवार को पुलिस ने सटीक जानकारी के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में कार्तिकेश्वर यादव, तेजराम पटेल शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। सरायपाली पुलिस अब इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।



## 60 पंचायत व 104 बूथ समितियों का गठन, जिलाध्यक्ष को सौंपी रिपोर्ट

### समय-सीमा में संगठन सृजन अभियान सफल

**बागबाहरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा (ग्रामीण) द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवनाथ साहू द्वारा कुल 60 पंचायत समितियां एवं 104 बूथ समितियों का सफलतापूर्वक गठन कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव को सौंपा गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्षगण मुकुंद सिन्हा, चंदूलाल साहू, राजेश सिन्हा, हरि यादव, हेमसिंह नायक तथा सेक्टर प्रभारीगण राहुल, कुलदीप, सहजान पाशा, जीवन नायक, ओमप्रकाश साहू, पुरुषोत्तम साहू, राहुल वनछोर, जयंती चंद्राकर, शांत साहू, नीलकंठ यादव, ओमप्रकाश निषाद, संतोष जांगड़े, नंदकुमार निषाद, सेवाराम साहू, रज्जू यादव सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों का विशेष योगदान रहा। जिलाध्यक्ष यादव ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस महत्वपूर्ण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने पर हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर आगामी चुनावों में सफलता प्राप्त होगी।

**खबर संक्षेप**



## सेवा समिति ने किया महिला का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** नगर की समाज सेवा संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा मोती प्रधान (30 वर्ष) जो कि जिला अस्पताल में 2 अप्रैल को उपचार के लिए भर्ती हुई थी। जहां इलाज के दौरान 4 अप्रैल को मृत्यु हो गई। मोती प्रधान के परिवार में कोई भी सदस्य न होने के कारण नगर की सामाजिक संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति को कफन दफन के लिए सुपुर्द किया गया। जहां समिति के सदस्यों ने संस्कार अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश औसर, राजेंद्र चंद्राकर, डॉ जितेंद्र शुक्ला, डॉ एजाज नक़वी, फगुआ पटेल, सुरेश साहू, मनोज पटेल, संतोष साहू, गुमान जैन, विजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## नवनिर्माण मंदिर के लिए लोगों ने किए रुपए दान

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की आराध्य देवी मां शीतला के नवनिर्माण मंदिर के लिए नगर के वरिष्ठ नागरिक स्व सुकालू राम साहू की स्मृति में उनके पुत्र रामभरोसा साहू अध्यक्ष साहू समाज नगर पंचायत तुमगांव द्वारा 5101 रुपए का सहयोग राशि दिया गया। साथ ही वार्ड नं 12 निवासी स्व झुकुराम साहू की स्मृति में उनके पुत्र श्यामू साहू द्वारा 1001 रुपए प्रदाय किया गया। शीतला समिति के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने नगरवासियों व भक्तजनों को माता रानी शीतला के भव्य मंदिर निर्माण के लिए अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। बता दें कि नगर पंचायत तुमगांव का सबसे भव्य मंदिर बनने जा रहा है। जिसके निर्माण के लिए सभी समाज, नागरिकों व भक्तजनों से सहयोग लिया जा रहा है। धीरे-धीरे मंदिर निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

# भाजपा शहर मंडल की हुई बैठक, स्थापना दिवस कार्यक्रमों की बनाई गई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ प्रभारी मोनिका साहू, सहप्रभारी स्वप्निल तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन पटेल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

मंडल प्रभारी साहू ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी एवं व्यवस्थित संचालन के लिए टीम गठन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ स्तर पर इसे उत्साहपूर्वक मनाना है। सहप्रभारी तिवारी ने कहा कि 6 अप्रैल का दिन पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे यादगार बनाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति आवश्यक है। देश की सबसे बड़ी पार्टी का कार्यकर्ता होने का सौभाग्य हम सबको मिला है। उन्होंने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि 5 अप्रैल को भाजपा कार्यालयों में सजावट अभियान चलाया जाएगा, जिसमें विद्युत सजावट, पुष्पमाला, दीपमालिका एवं रंगोली शामिल होगी। 6 अप्रैल को ध्वजारोहण, मिठाई वितरण, आतिशबाजी एवं घर-घर दीप प्रज्ज्वलन के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा तथा कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर हैशटैग के माध्यम से इसे साझा करेंगे। 7 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। वहीं 8 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए प्रभारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक का संचालन महामंत्री अग्रज शर्मा एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री मीना वर्मा ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा जिला महामंत्री शुभ्रा शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, हनीश बग्गा, देवीचंद राठी, चंद्रशेखर बेलदार, पवन पटेल, पांडुरंग मदनकार, हाफिज कुरैशी, पीयूष साहू, सोनाघर सोनवानी, मुना साहू, राजेंद्र चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, माधुरी यदु, मधु यादव, कल्पना सूर्यवंशी, लक्ष्मी साहू, शुभ्रा शर्मा एवं दुर्गा सारवा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## परशुराम प्राकट्य दिवस उत्सव पर होंगे सामूहिक बटुक उपनयन संस्कार

**बागबाहरा।** इस वर्ष स्थानीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर होने वाले कार्यक्रम के तहत सामूहिक बटुक उपनयन (यज्ञोपवीत) कराए जाने का निर्णय लिया गया है। सामाजिक बैठक में प्राकट्य दिवस को प्रतिवर्षानुसार धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। समाज के अध्यक्ष हरीश पांडे एवं सचिव दानवीर शर्मा ने बताया कि परशुराम प्राकट्य दिवस उत्सव के लिए 21-22 अप्रैल की तिथि निश्चित की गई है। 22 अप्रैल को पूजन, शोभायात्रा एवं भंडारा आदि के आयोजन होंगे। इस संबंध में 10 अप्रैल को समाज की आहूत बैठक में रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि पूर्व में ब्राह्मण समाज द्वारा वर्ष 2022 में सामूहिक बटुक उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस वर्ष भी उक्त कार्यक्रम कराए जाने का निर्णय लिया गया है। अपने बटुकों का उपनयन कराने वाले परिजनों को 9 अप्रैल के पूर्व तक सामाजिक पदाधिकारियों से संपर्क कर पंजीयन कराना होगा। इसमें भाग लेने वाले परिजनों को 21 अप्रैल को यहां पहुंचना होगा। उक्त कार्यक्रम 21 एवं 22 अप्रैल को वैदिक परंपरा अनुसार होगा। इसे चंडी माता मंदिर परिसर में कराए जाने का विचार चल रहा है। बैठक राजनारायण शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आरपी दुबे, पुरुषोत्तम ओझा, रुपेश तिवारी, संजय पुरोहित, दानवीर शर्मा, धनंजय त्रिपाठी, उल्हास दास, ओमप्रकाश शर्मा, हर्षित शुक्ला, मयंक शर्मा, राहुल तिवारी आदि उपस्थित थे। बैठक में आयोजन संबंधी कार्यों की प्रारंभिक जिम्मेदारी सौंपी गई।

## गैस संकट पर कांग्रेस का हमला, रश्मि ने भाजपा सरकार पर लगाया नाकामी का आरोप



**महासमुंद।** कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने रसोई गैस की कमी को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने आरोप लगाया कि जनता गैस संकट से जूझ रही है, जबकि भाजपा नेतृत्व इसे नजरअंदाज कर रहा है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में गैस वितरण व्यवस्था चरमरा गई है और अधिकांश एजेंसियों में उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल रही। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता वास्तविक स्थिति से मुंह मोड़ते हुए इसे अफवाह बताकर जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर रहे हैं। डॉ रश्मि ने बताया कि गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं, लेकिन यदि यह स्थिति भाजपा नेताओं को नजर नहीं आ रही, तो उन्हें अपने नजर और नजरिए दोनों का इलाज कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब कोई राजनीतिक दल जनता की समस्याओं को ही झूठा बताने लगे, तो उसकी विदाई तय हो जाती है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अचानक कमर्शियल गैस की सप्लाई प्रभावित होने से स्थिति और बिगड़ गई है। इसके चलते घरेलू गैस सिलेंडरों के होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने का खतरा है। प्रदेश के कई रेस्टोरेंट गैस की कमी के कारण बंद होने की स्थिति में पहुंच गए हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## तोषगांव में लगा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर

**सरायपाली।** स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर तोषगांव में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय अग्रवाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. कुणाल नायक ने कुल 52 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिविर में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच पर ध्यान केंद्रित किया गया। शिविर के दौरान डॉ. कुणाल नायक की संवेदनशील, सरल एवं जिम्मेदार कार्यशैली की आमजन में सराहना हो रही है। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ अभिभावकों को पोषण, टीकाकरण और देखभाल के बारे में विस्तार से जागरूक किया। उनकी सहज संवाद शैली और मरीजों के प्रति समर्पण ने ग्रामीणों में विश्वास को और मजबूत किया। तोषगांव में आयोजित यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सशक्त नेतृत्व और समर्पित कार्यशैली से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा दी जा सकती है।






## खबर संक्षेप

### सरायपाली सीएचसी में सुरक्षित मातृत्व की दिशा में बड़ी उपलब्धि

**महासमुंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक और सफलता हासिल की है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने इस सफलता पर चिकित्सा टीम को कहा कि शासन की प्राथमिकता सुरक्षित मातृत्व और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यहां चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक तीसरा सिजेरियन ऑपरेशन करते हुए 26 वर्षीय महिला नरगिस का सुरक्षित प्रसव कराया, जिसमें उन्होंने 3.200 किलोग्राम वजनी स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. केवी किरण कुमार, डॉ. कुणाल नायक, स्टाफ नर्स प्रगति शर्मा एवं समीर पटेल की टीम ने कुशलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन की सफलता स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती गुणवत्ता और विशेषज्ञता को दर्शाती है। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और चिकित्सकों की निगरानी में सुरक्षित हैं।

# नयापारा क्षेत्र में सुधरी पानी सप्लाई व्यवस्था, तकनीकी खामी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**पालिका जल विभाग की टीम ने नयापारा क्षेत्र के वार्डों में जलापूर्ति का लिया जायजा**

**तकनीकी समस्या के कारण एक दिन प्रभावित हुई थी जलापूर्ति**

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर शनिवार को पालिका के जल विभाग की टीम नयापारा क्षेत्र पहुंची। नलों से पानी नहीं आने की सूचना पर नपाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या समाधान के निदेश दिए थे। टीम द्वारा नयापारा क्षेत्र के वार्डों में भ्रमण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। टीम द्वारा बुजुर्ग महिला हेमो मांझी सहित नयापारा क्षेत्र के वार्ड क्र. 04, 05, 06, 07, 08, 09, 11 पहुंचकर पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली गई।

वार्डवासियों ने बताया कि 2 अप्रैल को तीन समय नल खुले थे, लेकिन, पानी अपेक्षाकृत कम मिला। इससे पहले जब से तीन समय नलों से पानी मिलना शुरू हुआ है, ऐसी स्थिति कभी उत्पन्न नहीं हुई। वार्डवासियों को बताया कि फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी समस्याओं के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई थी, अब समस्या नहीं है। आज 03 अप्रैल की सुबह भी नल से पर्याप्त पानी मिलने की जानकारी नागरिकों ने दी।



उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने गर्मी के दिनों में मैदानी स्तर पर पेयजल की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शहर में पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने जल विभाग को विशेष कार्ययोजना बनाने के निदेश दिए हैं। जिसके परिपालन में बेलसोंडा फिल्टर प्लांट में 04 मशीनों से शहर के ओवरहेड टंकियों तक पानी पहुंचाई जा रही है।

जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार ने बताया कि बेलसोंडा फिल्टर प्लांट में लो वोल्टेज की समस्या, बार-बार वोल्टेज अप-डाउन की समस्या, गौरव पथ निर्माण में पोल शिफ्टिंग कार्य के चलते बिजली बंद होने के कारण पानी सप्लाई बाधित होती है। पालिका अपनी ओर से पानी की निर्बाध आपूर्ति कर रही है। अनेक वार्डों में लोगों द्वारा पंप से पानी खीचने के कारण अन्य घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। जिससे यह समस्या सामने आती है। कुछ घरों से पंप जब्त किए हैं।

**पंप से पानी खींचने पर होगी सख्त कार्रवाई : पालिकाध्यक्ष**

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नागरिकों से अपील की है कि नलों में पंप लगाकर पानी ना खींचे। ऐसा करते पाए जाने पर नल कनेक्शन काटने, पंप जब्ती तथा जुर्माने व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साहू ने कहा कि पंप से पानी खींचना अवैध है। इससे पड़ोसी घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता।

नागरिक जागरूकता का परिचय देते हुए नियमतः नल समयानुसार पानी लें। तकनीकी समस्या के कारण यदि कभी नलों से पानी नहीं आ पाता तो तत्काल सुधार किया जाता है। साथ ही सुधार होते तक टैंकरों व वार्डों में बोर के समीप लगे सिंथेटिक टंकियों के माध्यम से भी 24 घंटे पानी प्रदान किया जाता है। नगर वासियों के समक्ष कभी जल संकट जैसी स्थिति सामने नहीं आने दिया जाएगा। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने पालिका प्रतिबद्ध है।

# ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः अरूण

- मुख्य मार्ग से खल्लारी पहुंच मार्ग को किया जाएगा सुदृढ़, खल्लारी मेला महोत्सव में पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव, माता के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पांच दिवसीय खल्लारी मेला महोत्सव पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शुक्रवार रात को खल्लारी पहुंचे। उन्होंने मां खल्लारी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि यह धाम न केवल आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और लोकजीवन की आत्मा का प्रतीक भी है। उन्होंने यहां के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह शक्ति पीठ सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है, जहां दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह मेला क्षेत्र की पहचान है और इसे और विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि यहां का महोत्सव हमारी परंपरा और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है, जिसे संरक्षित और संवर्धित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि यह स्थान सभी धर्मों और जातियों के लोगों के लिए समरसता का केंद्र है, जहां सभी वर्ग के लोग एक साथ आकर श्रद्धा व्यक्त करते हैं। जिला स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को संस्कृति और सेवा की भावना से जोड़ने का कार्य करते हैं तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, अल्का चंद्राकर, स्मिता चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। ज्ञात है कि शुक्रवार से प्रारंभ हुआ पांच दिवसीय मेला महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं।

# पिथौरा में भाजपा की बैठक स्थापना दिवस को बूथ स्तर पर मनाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी के आगामी 6 अप्रैल को होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ एवं घर-घर में मनाने भाजपा मंडल पिथौरा की आवश्यक बैठक स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावना रखते हुए मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी धनेश नायक ने कहा कि पिथौरा मंडल संगठन के प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक संगठन द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों को समय से पहले पूर्ण करने का आग्रह किया।

स्थापना दिवस के तहत 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो-बस्ती चलो अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत मंडल के 10 प्रमुख गांवों का चयन कर वहां कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक का संचालन भाजपा नेता विक्की सलूजा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल मंत्री विजय राज पटेल ने किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष सुधीर प्रधान, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश डड़सेना, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री जीवन टांडी, मनदीप होरा, सुरेंद्र साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष रामकुंवर सिन्हा, दुलीकेशन साहू, दीपादेवी गजेंद्र, वर्षा सोनी, सुनीता ठाकुर, सुशील भोई, देव कुमार सिन्हा, टिकेलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले में चना, मसूर एवं सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

**महासमुंद।** जिले में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू की गई है। इस योजना के तहत रबी विपणन वर्ष 2026-27 में दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि रबी वर्ष 2026-27 में जिले में प्रमुख रूप से चना, मसूर एवं सरसों फसल का उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि केवल पंजीकृत कृषकों को ही समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त होगा। जिले में उपार्जन कार्य के लिए कुल 6 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिर्रीपठारीमुड़ा बागबाहरा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोमाखान, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिथौरा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बसना तथा कृषि उपज मंडी सरायपाली शामिल हैं। इन सभी केंद्रों में खरीदी कार्य ई-समृद्धि पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। उपसंचालक कृषि ने बताया कि उपार्जन अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में किसानों से चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर का 7000 रुपए प्रति क्विंटल एवं सरसों का 6200 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित दर पर खरीदी की जाएगी।

